नवीन सुरभि

सरल हिंदी पाठ्य–पुस्तक

As per NEP 2020

Naveen SURABHI

TEXT-CUM-WORKBOOK

5

संपादक

डॉ. रामसुधार सिंह

पूर्व विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग

उदय प्रताप स्वायत्तशासी कॉलेज, वाराणसी

सम्मानित प्रवक्ता

नवसाधना रीज़नल पास्टोरल सेंटर, वाराणसी

विशेष सहयोग

फादर रॉक डि'कोस्टा

वाराणसी

अमृता प्रकाशन

(मरीना पब्लिकेशंस की एक इकाई)

पुस्तक से



हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है इसलिए हम सबको हिंदी का पूर्ण ज्ञान अवश्य होना चाहिए। परंतु अहिंदी भाषीय राज्यों और विदेशों में स्थित भारतीय विद्यालयों में हिंदी को तृतीय भाषा के रूप में पढ़ाने के कारण इन क्षेत्रों के बच्चों के लिए हिंदी को समझना असुविधाजनक होता है।

बच्चों की कोमल प्रवृत्तियों को ध्यान में रखते हुए उनकी सुविधा हेतु प्रस्तुत पुस्तक शृंखला **नवीन सुरभि** का निर्माण किया गया है। प्रस्तुत पुस्तक शृंखला **राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020** के दिशा निर्देशों पर आधारित है।

प्रस्तुत शृंखला से संबंधित मुख्य बिंदु–

- बच्चों के बौद्धिक विकास को ध्यान में रखते हुए इस शृंखला में उनकी आयु के अनुसार रोचक तथा ज्ञानवर्धक पाठ्यसामग्री को संकलित किया गया है। जिनमें प्रमुख हैं–
  - महापुरुषों तथा प्रसिद्ध व्यक्तियों की जीवनी
  - रोचक नाटक एवं संवाद
  - विज्ञान तथा खेलों से संबंधित लेख
  - विविध विषयों से संबंधित निबंध, कविताएँ तथा कहानियाँ
  - विश्वप्रसिद्ध लोककथाएँ तथा चित्रकथाएँ
- **पाठ सारांश–** इसके अंतर्गत संपूर्ण पाठ का सार हिंदी में दिया गया है, जिससे पाठ के संक्षिप्त रूप द्वारा बच्चे पाठ को सहजता से समझ सकेंगे।
- **पढ़िए और समझिए–** इसके माध्यम से पाठ में दिए गए कठिन शब्दों का हिंदी तथा अंग्रेज़ी भाषा में उच्चारण करना सिखाया गया है। जिससे बच्चे उन शब्दों को आसानी से बोल व समझ पाएँगे।
- **शिक्षण संकेत–** शिक्षण संकेत के द्वारा पाठ के प्रति बच्चों में रुचि बनाए रखने के लिए अध्यापक-अध्यापिकाओं की सहायता की गई है।
- **शब्दार्थ–** इसके अंतर्गत पाठ में आए कठिन शब्दों के अर्थ हिंदी व अंग्रेज़ी; दोनों भाषा में दिए गए हैं, जिनसे बच्चे शब्दों को पहचानकर उनके अर्थ समझने में सक्षम होंगे।
- **मौखिक प्रश्नोत्तर–** इसके अंतर्गत दिए जानेवाले प्रश्नों का उद्देश्य पाठ के विषय में बच्चों की जानकारी का मूल्यांकन तथा कक्षा में पाठ से संबंधित चर्चा करना है।
- **लिखित प्रश्नोत्तर–** यह भाग पाठ पर आधारित अभ्यास है। इसके अंतर्गत पाठ पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखना, रिक्त स्थानों की पूर्ति, सही-गलत आदि को समाहित किया गया है।
- **व्याकरण-ज्ञान–** इसके अंतर्गत बच्चों को पाठ पर आधारित व्याकरण के साथ-साथ व्यावहारिक व्याकरण से भी परिचित कराया गया है। इसके साथ ही इसमें कई रोचक गतिविधियों को भी स्थान प्रदान किया गया है।
- **विषय संवर्धन गतिविधियाँ** (Subject Enrichment Activities)– इसके अंतर्गत पाठ मूल्यांकन को बढ़ावा देनेवाले अभ्यास और विषय संवर्धन गतिविधियाँ, **Internet** प्रयोग के सुझाव दिए गए हैं।
- **Lesson Summary–** इस भाग में पाठ के सार को अंग्रेज़ी भाषा में दिया गया है। यह अहिंदी भाषी छात्र-छात्राओं के लिए पाठ को समझने का एक सशक्त माध्यम है।

आशा है यह पुस्तक शृंखला सभी अहिंदी भाषी छात्र-छात्राओं के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। आपके सुझावों का सदैव स्वागत है।

–प्रकाशक

अमृता प्रकाशन

(मरीना पब्लिकेशंस की एक इकाई)

Administrative Office :
4/37 Site-2, UPSIDC Industrial Area, Ajanta Compound, Loni Road
Sahibabad, **Ghaziabad**-201007, **Delhi NCR** • Mob. : +91-8130194610

Registered Office :
D 54/155-11, Srinagar Colony, Ramkund, Luxa
Varanasi-221010 • Mob. : +91-9452008021, 7753888106
E-mail : info@marinapublications.com
Website : www.marinapublications.com

Near Vidyapeetha Circle, Banashankari
Bangalore-560028 • Mob. : +91-7275854952

177/69, Pul Jhau Lal, Gwynne Road, Aminabad
Lucknow-226018 • Mob. +91-7753888114

20A, Brindavan Mallick Lane
Behind Hrishikesh Park, Amherst Street
Kolkata-700009 • Ph : 9433007143

24, Piyali Phukan Road
P.O. Rehabari, **Guwahati**-781008
Mob. : +91-9119602277

From the Book

Hindi hamari rashtrabhasha hai isliye hum sabko hindi ka purna gyan avashya hona chahiye. Parantu ahindi bhashiya rajyon or videshon mein isthit bhartiya vidyalayon mein hindi ko tritya bhasha ke roop mein padhane ke karan in chetron ke bachchon ke liye hindi ko samajhna asuvidhajanak hota hai.

Bachchon ki komal pravittyon ko dhyan mein rakhte hue unki suvidha hetu pustak shrinkhala **Naveen Surabhi** ka nirman kiya gaya hai. Pustak shrinkhala **National Education Policy 2020** ke disha nirdesho par aadharit hai.

Prastut shrinkhala se sambandhit mukhya bindu–

- Bachchon ke baudhik vikas ko dhyan mein rakhte hue is shrinkhala mein unki aayu ke anusar rochak tatha gyanvardhak pathyasamgri ko sanklit kiya gaya hai. Jinme pramukh hain–
  - Mahapurushon tatha prasiddh vyaktiyon ki jivani
  - Vividh vishyon se sambhandhit nibandh, kavitayein tatha kahniyan
  - Rochak natak evam samvad • Vishwaprasiddh lokkathayein tatha chitrakathayein
  - Vigyan tatha khelon se sambandhit lekh
- **Path Saransh–** Iske antargat sampurna path ka sar hindi mein diya gaya hai, jisse path ke sanchipt roop dwara bachche path ko sahajta se samajh sakenge.
- **Padhiye aur Samajhiye–** Padho aur Samjho ke madhyam se path mein diye gaye kathin shabdon ka hindi tatha angrezi bhasha mein uchcharan karna sikhaya gaya hai. Jisse bachche un shabdon ko asani se bol va samajh payenge.
- **Sikshan Sanket–** Sikshan Sanket ke dwara path ke prati bachchon mein ruchi banaye rakhne ke liye adhyapak-adhyapikaon ki sahayata ke gayi hai.
- **Shabdarth–** Iske antargat path mein aaye kathin shabdon ke arth hindi va angrezi; dono bhasha mein diye gaye hain; jinse bachche shabdon ko pehchankar unke arth samajhne mein saksham honge.
- **Maukhik Prashnottar–** Iske antargat diye janewale prashnon ka udeshay path ke vishay mein bachchon ki jankari ka mulyankan tatha kaksha mein path se sambandhit charcha karna hai.
- **Likhit Prashnottar–** Yeh bhag path par adharit abhyas hai. Iske antargat path par adharit prashnon ke uttar likhna, rikt sthanon ki purti, sahi-galat aadi ko samahit kiya gaya hai.
- **Bhasha Gyan–** Bhasha Gyan ke antargat bachchon ka path par adharit vyakaran ke sath-sath vyavharik vyakaran se bhi parichit karaya gaya hai. Iske sath hi iske antargat kai rochak gatividhiyon ko bhi sthan pradan kiya gaya hai.
- **Subject Enrichment Activities–** Iske antargat path mulankan ko badhava denewale abhyas aur subject enrichment activities, internet prayog ke sujhav diye gaye hain.
- **Lesson Summary–** Is bhag mein path ke sar ko angrezi bhasha mein diya gaya hai. Yeh ahindi bhashi chatra-Chatraon ke liye path ko samajhne ka ek sashakt madhyam hai.

Asha hai yeh pustak shrinkhala sabhi ahindi chatra-chatraon ke liye upyogi siddh hogi. Aapke sujhavon ka sadev swagat hai.

—Prakashak

प्रथम संस्करण–2023

© सर्वाधिकार सुरक्षित

No part of this publication which is material protected by this copyright notice may be reproduced or transmitted or utilized or stored in any form or by any means now known or hereinafter invented, electronic, digital or mechanical, including photocopying, scanning, recording or by any information storage or retrieval system, without prior permission from the publishers.

National Education Policy - 2020

Revolutionising School Education

4Cs

गहन चिंतन
Critical Thinking
Promoting enquiry, discovery, discussion and analysis-based learning

रचनात्मक सोच
Creative Thinking
Thinking out of the box

सहभागिता
Collaboration
Working together as a team

संचार
Communication
Expressing oneself effectively before others

समस्या-समाधान
Problem Solving
Using innovative methods like puzzles and games to find solutions to problems

निर्णय लेना
Decision Making
Making a choice on the basis of given information

ध्वनि-विज्ञान
Phonics
Recognition of sounds as the basis of language acquisition

अनुभव आधारित ज्ञान
Experiential Learning
Focusing on creative, exploratory and discovery-based learning

वैज्ञानिक मनोभाव
Scientific Temper
Developing the spirit of questioning

सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी
Information and Communication Technology
Using technology-enabled pedagogy



व्यावसायिक कौशल

Vocational Skills

Learning the specific skills needed for a job or profession



लोकतांत्रिक भावना

Democratic Spirit

Inculcating the knowledge and practice of human and constitutional values



नेतृत्व कौशल

Leadership Skills

Inculcating flexibility, accountability, initiative productivity and social skills



वैश्विक जागरूकता

Global Awareness

Acquiring the knowledge of international culture and tradition



साहित्य-सराहना

Appreciation of Literature

Fostering the understanding and appreciation of literary works



भारत का ज्ञान

Knowledge of India

Integrating Indian culture and ethos; traditional and modern Indian values



जीवन कौशल एवं मूल्य

Life Skills and Values

Emphasising development of etiquettes, behaviour, ethical and moral reasoning



कला समेकन

Art Integration

Promoting art-based learning



विषय एकीकरण/ क्रॉस करिकुलर लर्निंग

Subject Integration/ Cross-Curricular Learning

Promoting an integrated approach to learning



स्वास्थ्य-शिक्षा

Health Literacy

Integrating physical education, wellness and sports



पर्यावरण-शिक्षा

Environmental Literacy

Strengthening the relationship with nature

विषय सूची CONTENTS

1.	पथ आलोकित कर दो	Path Ālokit Kar Do Light Up My Path	(कविता)	7
2.	धन की माया	Dhan Ki Māyā Greed for Wealth	(कहानी)	11
3.	आग और मनुष्य	Aag Aur Manushya Fire and Man	(लेख)	17
4.	परिश्रमी मधुमक्खियाँ	Parishrami Madhumakkhiyān Laborious Bees	(लेख)	22
5.	सूरज और बादल	Suraj Aur Bādal The Sun and the Clouds	(कविता)	28
6.	देशप्रेम	Deshprem Patriotism	(प्रेरक प्रसंग)	32
7.	कलम की कहानी	Kalam Ki Kahāni The Story of Pen	(आत्मकथा)	37
8.	जैसी संगत, वैसी रंगत	Jaisi Sangat, Vaisi Rangat We Become Like Our Companions	(कहानी)	42
9.	पोंगल	Pongal	(लेख)	48
10.	भूल गया है क्यों इंसान	Bhool Gayā Hai Kyon Insaan Why has the Human Forgotten	(कविता)	54
11.	पुस्तक-प्रेमी : अब्राहम लिंकन	Pustak-Premi : Abraham Linkan Book-Lover : Abraham Lincoln	(लेख)	58
12.	सबसे सुंदर बस्ता	Sabse Sundar Bastā The Most Beautiful Bag	(कहानी)	64
13.	अपनी-अपनी समझ	Apni-Apni Samajh Our Way of Thinking	(कविता)	70
14.	सच्चा मित्र	Sachchā Mitra True Friend	(कहानी)	74
15.	फिल्मन और बॉसिस	Filman aur Bossis Filman and Bossis	(कहानी)	80
16.	संगठन में शक्ति	Sangathan Mein Shakti Strength in Unity	(चित्रकथा)	86
17.	कहाँ गई गौरैया	Kahān Gayi Gauraiyā Where Has the Sparrow Gone	(कविता)	93

सीखने की संप्राप्ति (Learning Outcomes)— वाचन, लेखन, स्मृति, चिंतन, विश्लेषणात्मकता, बौद्धिकता, रचनात्मकता।

पाठ–1
Lesson

पथ आलोकित कर दो

Path Ālokit Kar Do – Light Up My Path

पढ़िए और समझिए Read and understand—

आलोकित	– Ālokit	रश्मियों	– Rashmiyon	निर्दिष्ट	– Nirdisht	लक्ष्य	– Lakshya
मनोकामना	– Manokamnā	स्वर्ग	– Swarg	मंगलमय	– Mangalmay	विश्व	– Vishwa

पथ मेरा आलोकित कर दो।
नवल प्रातः की नवल रश्मियों से
मेरे उर का तम हर दो।

मैं नन्हा-सा पथिक विश्व के
पथ पर चलना सीख रहा हूँ,
मैं नन्हा-सा विहग विश्व के
नभ में उड़ना सीख रहा हूँ।

पहुँच सकूँ निर्दिष्ट लक्ष्य तक
मुझको ऐसे पग दो, पर दो।

पाया जग से जितना अब तक
और अभी जितना मैं पाऊँ,
मनोकामना है यह मेरी
उससे कहीं अधिक दे जाऊँ।

धरती को ही स्वर्ग बनाने का
मुझको मंगलमय वर दो।

-द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी



शिक्षण संकेत कविता का सस्वर व लयात्मक गायन करें तथा बच्चों से भी करवाएँ। उन्हें कविता का अर्थ समझाते हुए अपने लक्ष्य पर अडिग रहने की प्रेरणा दें।

शब्दार्थ- Word Meaning

पथ	–	मार्ग	–	way
नवल	–	नया	–	new
प्रातः	–	सुबह	–	morning
रश्मि	–	किरण	–	rays of sun
उर	–	हृदय	–	heart
तम	–	अँधेरा	–	darkness
पथिक	–	यात्री	–	traveller
विहग	–	पक्षी	–	bird
पर	–	पंख	–	feather
निर्दिष्ट	–	निश्चित	–	fixed
लक्ष्य	–	उद्देश्य	–	aim
मनोकामना	–	मन की इच्छा	–	wish

अभ्यास–Exercise

मौखिक Oral—

सोचिए और बताइए- (Think and tell)

क. कविता में कवि किसे संबोधित कर रहा है?

ख. कविता के अनुसार कवि क्या-क्या सीख रहा है?

ग. कविता में कवि कहाँ पहुँचने की बात कर रहा है?

घ. इस कविता के रचयिता कौन हैं?

लिखित Written—

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (Answer the following questions)

क. कविता में कवि ईश्वर से क्या प्रार्थना कर रहा है?

.....

.....

ख. कविता में कवि ने अपनी तुलना किससे-किससे की है?

.....

.....

ग. अपने निर्दिष्ट लक्ष्य तक पहुँचने के लिए कवि ईश्वर से क्या माँग रहा है?

.....

.....

घ. कवि की मनोकामना क्या है?

.....

.....

2. कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए- (Complete the lines of the poem)

मैं .....

..... रहा हूँ,

मैं .....

..... रहा हूँ।

पहुँच .....

..... पर दो।

भाषा कौशल
Language Skill

व्याकरण-ज्ञान Knowledge of grammar—

1. दिए गए शब्दों को उनके समान तुकवाले शब्द से मिलाइए- (Match the following with their rhyming words)

पथ	जग
नवल	हम
हर	जाऊँ
तम	धवल
पग	वर
पाऊँ	रथ

2. जिन शब्दों के अर्थ एक जैसे या समान होते हैं, उन्हें समानार्थी या पर्यायवाची शब्द कहते हैं।

दिए गए शब्दों के दो-दो समानार्थी लिखिए- (Write two synonyms of each given words)

क.	पथ	-	रास्ता	मार्ग
ख.	प्रातः	-	.....	.....
ग.	तम	-	.....	.....
घ.	धरती	-	.....	.....
ङ.	विहग	-	.....	.....

3. पढ़िए, समझिए और लिखिए- (Read, understand and write)

क.	श् + म	=	श्म	-	रश्मि
ख.	न् + न	=	.....	-	.....
ग.	श् + व	=	.....	-	.....
घ.	ष् + ट	=	.....	-	.....

4. दिए गए शब्दों के अर्थ समझकर वाक्य बनाइए– (Understand the meaning and then make sentences)

क. जग
- संसार – .....
- एक प्रकार का बरतन – .....

ख. कर
- हाथ – .....
- टैक्स – .....

ग. वर
- दूल्हा – .....
- वरदान – .....

पाठ सारांश–

प्रस्तुत कविता में कवि ईश्वर से प्रार्थना कर रहा है कि वे उसके मन से निराशारूपी अंधकार को दूर करके उसमें नयी-नयी आशा भर दें, जिससे वह अपने पथ पर बिना रुके आगे बढ़ सके। कवि कहता है कि वह अभी एक नन्हे यात्री और पक्षी की तरह है, जो अपनी नयी यात्रा पर निकला है। इसलिए उसे अपने लक्ष्य तक पहुँचने के लिए दृढ़ कदमों और पंखों की आवश्यकता है। वह ईश्वर के समक्ष प्रार्थना करते हुए कह रहा है कि उसने संसार से अब तक जो कुछ पाया है या पा रहा है, संसार त्यागने से पहले वह उससे अधिक संसार को लौटाना चाहता है। उसकी मनोकामना है कि वह अपने कर्मों से धरती को स्वर्ग की तरह सुंदर बना सके। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए वह ईश्वर से आशीर्वाद चाहता है।

Lesson Summary

In this present poem, the poet is praying to God to replace the dark, negative and pessimistic thoughts with happy positivity. Poet says that he is like a fresh traveller and a young bird beginning a voyage. To reach his goal he needs steady steps. He prays to God that he wishes to give back to this life and world, whatever he has acquired in life. He seeks God's blessings to turn this life into a beautiful heaven.

सीखने की संप्राप्ति (Learning Outcomes)— वाचन, लेखन, स्मृति, चिंतन, विश्लेषणात्मकता, बौद्धिकता, रचनात्मकता, नैतिक मूल्य।

पाठ–2
Lesson

धन की माया

Dhan Ki Māyā – Greed for Wealth

पढ़िए और समझिए Read and understand—

व्यापारी	– Vyāpāri	परिवर्तन	– Parivartan	परिस्थितियों	– Paristhitiyon	निश्चिंत	– Nishchint
स्वभाव	– Swabhāv	बेफ़िक्र	– Befikra	मुश्किल	– Mushkil	निन्यानवे	– Ninyānve

बहुत समय पहले केरल के एक गाँव में विकास और धीरज नामक दो व्यक्ति रहते थे। वे दोनों पड़ोसी थे। विकास एक व्यापारी था और उसकी आमदनी भी बहुत अच्छी थी, जबकि धीरज एक साधारण–सा आदमी था और उसकी आमदनी विकास से बहुत कम थी।



दोनों की परिस्थितियों के साथ ही उनके स्वभाव में भी बहुत अंतर था। एक ओर जहाँ विकास एक–एक पैसा कंजूसी से खर्च करता और कम से कम पैसों में घर चलाता, वहीं दूसरी ओर धीरज जितना कमाता, उतना ही खर्च कर देता। वह और उसकी पत्नी अच्छे कपड़े पहनते, अच्छा–अच्छा भोजन खाते और अपने मित्रों को अक्सर ही अपने घर दावत पर बुलाते।

विकास की पत्नी का नाम उमा था। वह धीरज और उसकी पत्नी नीरजा का रहन–सहन देखकर प्रायः सोचती, 'पता नहीं! धीरज और नीरजा इतने ठाठ से कैसे रहते हैं? मेरे पति तो धीरज से कहीं अधिक धन कमाते हैं, परंतु फिर भी हम अपनी पसंद की कोई वस्तु नहीं खरीद पाते और बचत भी कितनी मुश्किल से होती है।' उमा दिन–रात धीरज और नीरजा के सुखी जीवन का रहस्य खोजने का प्रयास

शिक्षण संकेत पाठ का सस्वर वाचन करें। पाठ पढ़ाने के बाद उन्हें समझाएँ कि हमें फ़िजूलखर्च से तो बचना ही चाहिए, उसके साथ ही धन कमाना हमारा एकमात्र लक्ष्य नहीं होना चाहिए।

करती, परंतु उसकी सारी कोशिशें बेकार हो जातीं।

उमा नीरजा की सहेली थी और दोनों दोपहर को आपस में बातें करती थीं। एक दिन बातें करते-करते अचानक उमा ने नीरजा से पूछा, "तुम लोग इतने बेफ़िक्र होकर पैसे कैसे खर्च करते हो और इतने निश्चिंत भी रहते हो?"

नीरजा ने उसके प्रश्न का कोई उत्तर नहीं दिया। अत: उमा के मन की बेचैनी और अधिक बढ़ गई।

जब उसने अपने पति से भी यही प्रश्न पूछा, तो विकास बोला, "अरे! धीरज अभी धन की माया में नहीं पड़ा न, इसलिए वह ऐसे रहता है।" उमा को विकास की बात समझ नहीं आई, तो वह चुप हो गई।

कुछ दिनों बाद ही उमा को धीरज और नीरजा के घर में कुछ परिवर्तन दिखाई दिया। अब न तो उनके घर से तरह-तरह के पकवानों की सुगंध आती थी और न ही उनके घर में पहले की तरह दावत का आयोजन होता था। नीरजा हमेशा बैठी-बैठी नारियल के पत्तों से चटाइयाँ बुनती रहती थी। रात को धीरज भी अपनी पत्नी के साथ चटाइयाँ बुनता और सुबह बाज़ार में जाकर उन्हें बेच देता।

यह सब देखकर उमा के आश्चर्य की सीमा न रही और वह मन ही मन धीरज और नीरजा के जीवन में आए इस परिवर्तन के बारे में जानने के लिए बेचैन रहने लगी।

जब उमा किसी भी तरह यह रहस्य न सुलझा सकी, तो एक दिन वह नीरजा के घर गई। उस समय नीरजा चटाई बुन रही थी। उमा को देखकर नीरजा ने उसके लिए आसन बिछा दिया और स्वयं फिर से चटाई बुनने में लग गई। कुछ देर तक इधर-उधर की बातें करने के बाद आखिरकार उमा ने नीरजा से पूछ ही लिया, "नीरजा! क्या धीरज के पास कोई काम नहीं है और तुम्हारे घर में धन का अभाव हो गया है?"



उसकी बात सुनकर नीरजा बोली, "अरे, नहीं! मेरे पति का काम तो बहुत अच्छा चल रहा है।"

"तो फिर अब तुम्हारा रहन-सहन पहले जैसा क्यों नहीं रहा? न तो अब तुम्हारे घर से पकवानों की सुगंध आती है और न ही तुम्हारे घर में तुम्हारे रिश्तेदार और मित्र ही आते हैं। और तो और, तुम

और धीरज सारा दिन चटाई बुनते रहते हो।"

नीरजा उसकी बात टालती हुई बोली, "बस, समझो हमने अपना रहने का ढंग बदल लिया है।" उमा को परेशान देखकर नीरजा बोली, "अच्छा, तो मैं तुम्हें सच्चाई बताती हूँ। दो-तीन सप्ताह पहले घर लौटते हुए मेरे पति के पास केवल डेढ़ रुपये थे। लेकिन शाम को घर आते समय उन्हें घर के दरवाज़े पर ही पैसों से भरी एक थैली मिली।"

"पैसों की थैली?" उमा ने हैरान होते हुए पूछा।

"हाँ, और जब हमने उन्हें गिना तो वे निन्यानवे रुपये थे।" नीरजा बोली।

"सिर्फ़ निन्यानवे! पूरे सौ नहीं।" उमा हैरान होकर बोली।

"नहीं, सिर्फ़ निन्यानवे। तब मेरे पति ने उसमें अपना एक रुपया भी मिला दिया और मेरे पास अगले दिन का खर्च चलाने के लिए केवल अठन्नी रह गई। मेरे पति ने निश्चय किया कि अब हमारे पास सौ रुपये हैं तो क्यों न हम जोड़-जोड़कर इस सौ रुपये को दो सौ रुपये बना लें। तब से अब तक हम यही कर रहे हैं।"

अब मैं तुम्हारी चिंता और चटाई बुनने का कारण समझ गई हूँ। इसे ही धन की माया कहते हैं जिसके फेर में पड़कर मनुष्य का जीवन बदल जाता है।

शिक्षा- हमें आवश्यकता से अधिक खर्च नहीं करना चाहिए।

जीवन कौशल एवं मूल्य
Life Skills and Values



शब्दार्थ- Word Meaning

पड़ोसी	–	पड़ोस में रहने वाला	–	neighbour
आमदनी	–	आय	–	income
कंजूस	–	कृपण	–	miser
दावत	–	भोज	–	feast
परिवर्तन	–	बदलाव	–	change
अभाव	–	कमी	–	shortage
रहस्य	–	भेद	–	secret
सुगंध	–	खुशबू	–	fragrance
विनीत	–	नम्र	–	humble

अभ्यास–Exercise

मौखिक Oral—

सोचिए और बताइए– (Think and tell)

क. विकास क्या काम करता था?

ख. धीरज और उसकी पत्नी किस प्रकार रहते थे?

ग. धीरज और उसकी पत्नी के बारे में उमा क्या सोचा करती थी?

घ. क्या देखकर उमा के आश्चर्य की सीमा न रही?

ङ. निन्यानवे रुपये पाने के बाद धीरज ने क्या निश्चय किया?

लिखित Written—

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (Answer the following questions)

क. विकास और धीरज के स्वभाव में क्या अंतर था?

.....

.....

ख. उमा के मन में बेचैनी और अधिक क्यों बढ़ गई?

.....

.....

ग. उमा को धीरज और नीरजा के घर में क्या परिवर्तन दिखाई दिया?

.....

.....

.....

घ. नीरजा ने उमा को कौन-सा रहस्य बताया?

.....

.....

.....

ङ. ''धन की माया'' में पड़ जाने से क्या होता है?

.....

.....

व्याकरण ज्ञान Knowledge of grammar—

भाषा कौशल
Language Skill

1. संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं।

दिए गए शब्दों के लिए उचित विशेषण बॉक्स से छाँट कर लिखिए– (Write the appropriate adjectives for the given words from the box)

सुखी, सारी, सौ, साधारण, अच्छे

क.	.....कंजूस..... विकास	ख.	..... रुपये
ग.	..... कपड़े	घ.	..... जीवन
ङ.	..... आदमी	च.	..... कोशिश

2. निम्नलिखित संख्याओं को उनके शब्दों से मिलाइए– (Match the given numbers with their words)

100	उन्नीस
200	बत्तीस
50	सौ
32	पैंतालीस
19	पचास
45	दो सौ

3. वाक्यों में आए संज्ञा शब्दों पर ○ लगाइए– (Circle the naming words in the given sentences)

क. एक गाँव में विकास और धीरज नामक दो व्यक्ति रहते थे।

ख. विकास एक-एक पैसा कंजूसी से खर्च करता था।

ग. विकास की पत्नी का नाम उमा था।

घ. नीरजा ने उमा के लिए आसन बिछा दिया।

4. दिए गए शब्दों के बहुवचन लिखिए– (Write the plurals of the given words)

क.	पड़ोसी	–	ख.	सहेली	– .....
ग.	पैसा	–	घ.	पकवान	– .....
ङ.	कपड़ा	–	च.	पत्ता	– .....
छ.	रुपया	–	ज.	चटाई	– .....

विषय संवर्धन गतिविधि
Subject Enrichment Activity

क्रिया-कौशल Activity skills—

1. विद्यार्थी के द्वारा पालन करने योग्य कुछ विशेष नियमों की सूची बनाइए, जिनका उन्हें पालन करना चाहिए।

(Make a list of rules suitable for students to follow)

2. जब कोई अपना काम लगन से करता है तो उसको देखकर मन में कैसे-कैसे भाव आते हैं? नीचे दिए चित्रों को देखकर अपने भाव व्यक्त कीजिए।

रचनात्मक सोच
Creative Thinking

(What sort of thoughts come in mind after seeing those who do their duty with interest? Look at the pictures given below and write your views.)







.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

पाठ सारांश–

प्रस्तुत कहानी केरल की एक लोककथा है। इस कहानी में दो पड़ोसियों के जीवन और रहन-सहन का वर्णन करते हुए बताया गया है कि विकास अमीर होने के बाद भी बहुत कंजूसी से अपना जीवन बिताता है, लेकिन उसका पड़ोसी धीरज साधारण-सी आमदनी में भी पूरे शानो-शौकत से रहता है। कुछ ही दिनों बाद उसके रहन-सहन में परिवर्तन आ जाता है। यह देखकर विकास की पत्नी धीरज की पत्नी नीरजा से इस परिवर्तन का कारण पूछती है। नीरजा उसे बताती है कि उसके पति को घर के बाहर निन्यानवे रुपयों से भरी एक थैली मिली, जिसमें धीरज ने अपना एक रुपया मिलाकर उसे सौ रुपये बना लिया और वह पैसों को जमा कर-करके उस सौ रुपये को दोगुना करना चाहता है।

Lesson Summary

The present story is an adaptation from a folklore of Kerala. The story is about two neighbours Vikas and Dheeraj. Though Vikas was rich, he led a very frugal lifestyle. Dheeraj though not rich spend a lot of money on his lifestyle and friends. After a while there was a big change in Dheeraj's life style. He was'nt spending large amounts. Vikas' wife asked Dheeraj's wife about this change. She stated that Dheeraj found a pouch with Rs. 99/-. He added one rupee to that and made it hundred. He aimed at adding money and make the amount double.

सीखने की संप्राप्ति (Learning Outcomes)— वाचन, लेखन, स्मृति, चिंतन, विश्लेषणात्मकता, बौद्धिकता, रचनात्मकता।

पाठ–3
Lesson

आग और मनुष्य

Aag Aur Manushya – Fire and Man

पढ़िए और समझिए Read and understand—

स्वादिष्ट	– Swādisht	सभ्यता	– Sabhyatā	आदिमानव	– Ādimānav	पत्थर	– Patthar
चिंगारी	– Chingāri	आविष्कार	– Āvishkār	उत्पन्न	– Utpann	खूँटी	– Khunti

आग के बारे में हम सब जानते हैं कि अगर आग जलाई जाए, तो अँधेरे में रोशनी हो जाती है। आग के कमाल से हम सब तरह-तरह के गरम और स्वादिष्ट पकवानों का आनंद ले पाते हैं।

परंतु सभ्यता के आरंभ में ऐसा नहीं था। लाखों वर्ष पहले मनुष्य, जिन्हें आदिमानव कहा जाता है, जंगलों या गुफाओं में रहता था और कच्चा भोजन खाता था। क्योंकि तब उसके पास भोजन पकाने का कोई उपाय नहीं था।

एक दिन जब आदिमानव ने एक पत्थर से दूसरे पत्थर को तोड़ने की कोशिश की, तो उसने देखा कि दोनों पत्थरों के टकराने से उनमें से एक लाल-पीली चिंगारी निकली। यह देखकर उसे हैरानी हुई और उसने दोबारा एक पत्थर को दूसरे पत्थर पर पटका। इस बार भी पहले की ही तरह चिंगारी निकली और वहीं पड़ी सूखी घास पर जा गिरी। देखते ही देखते घास जलने लगी। इतनी रोशनी देखकर आदिमानव चकित रह गया। वह उस रोशनी के निकट गया, तो उसे गरमी भी महसूस हुई।



शिक्षण संकेत

पाठ का सस्वर वाचन करें। बच्चों को आदिमानव तथा सभ्यता के विकास के बारे में बताएँ। बच्चों को आग का महत्व समझाते हुए आग का उपयोग करते समय बरती जानेवाली सावधानियों के बारे में भी समझाएँ।

यह देखकर उसकी खुशी का ठिकाना न रहा और वह तरह-तरह के सूखे पत्ते आदि डालकर उस आग को जलाता रहा।

इस प्रकार पृथ्वी पर आग का आविष्कार हुआ। एक बार आदिमानव के हाथ से अचानक मांस का एक टुकड़ा आग में गिर गया। जब उसने वह मांस खाया, तो उसका स्वाद उसे बहुत अच्छा लगा। अब धीरे-धीरे उसे आग का उपयोग समझ में आने लगा था, परंतु उसके सामने सबसे बड़ी समस्या थी कि वह आग को अपने उपयोग के लिए हमेशा कैसे प्राप्त करे।



अपनी इस समस्या का हल निकालने के लिए उसने कई कोशिशें कीं और जब उसने दो पत्थरों को फिर आपस में रगड़ा, तो रगड़ के कारण उनमें से चिंगारी निकलने लगी। अब वह समझ गया कि दो पत्थरों को टकराने या रगड़ने से आग उत्पन्न की जा सकती है।

अपनी इस खोज से आदिमानव इतना प्रसन्न था कि उसने आग जलाने के लिए एक प्रयोग किया। उसने एक पत्थर में छेद किया तथा दूसरे पतले पत्थर से एक लंबी खूँटी बनाई। इसके बाद उसने छेद में पत्थर की खूँटी को चारों ओर तेज़ी से घुमाया। घुमाने से पत्थरों की आपसी रगड़ से चिंगारियाँ निकलने लगीं। अपने प्रयोग को सफल देखकर वह उन पत्थरों को अपने पास सँभालकर रखने लगा। जिन पत्थरों में से सबसे पहले आग निकली, उन्हें 'चकमक पत्थर' के नाम से जाना गया। बाद में उसे पता चला कि आग किसी भी पत्थर से उत्पन्न की जा सकती है।

आग जलाने के उपायों की खोज यहीं खत्म नहीं हुई, वरन लंबे समय तक आग उत्पन्न करने के लिए नये-नये प्रयोग चलते रहे। आगे चलकर सन 1805 में दियासलाई या माचिस का आविष्कार हुआ जिससे आग जलाना बहुत सरल हो गया।

आधुनिक युग में तो आग जलाने के लिए तरह-तरह के लाइटरों का प्रयोग किया जाता है। आग की खोज मानव सभ्यता के विकास में एक महत्वपूर्ण खोज मानी जाती है, क्योंकि यदि आग न होती, तो आज न तो हमारे पास रोशनी होती और न ही हम भोजन पकाकर खा पाते।

अत: कहा जा सकता है कि यदि आग की खोज न होती, तो मानव सभ्यता का विकास नहीं हो पाता।

शब्दार्थ- Word Meaning

आग	–	अग्नि	–	fire
रोशनी	–	प्रकाश	–	light
पकवान	–	व्यंजन	–	dish
आनंद	–	मजा	–	pleasure
सभ्यता	–	संस्कृति	–	civilisation
चकित	–	हैरान	–	amazed
निकट	–	पास	–	near
आविष्कार	–	खोज	–	invention
उपयोग	–	इस्तेमाल	–	use
आधुनिक	–	नया	–	modern
विकास	–	उन्नति	–	progress

अभ्यास–Exercise

मौखिक Oral—

सोचिए और बताइए- (Think and tell)

क. आदिमानव कहाँ रहता था?

ख. पत्थरों के टकराने से क्या हुआ?

ग. आदिमानव के सामने सबसे बड़ी समस्या क्या थी?

घ. सबसे पहले किस पत्थर से आग उत्पन्न हुई?

ङ. आदिमानव को आग का उपयोग कब समझ में आया?

लिखित Written—

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (Answer the following questions)

क. आग के आविष्कार से पहले आदिमानव कैसा भोजन खाता था?

.....

.....

ख. आदिमानव ने सबसे पहले आग किस प्रकार उत्पन्न की?

.....

.....

ग. आदिमानव क्या देखकर चकित रह गया?

.....

.....

घ. आदिमानव ने आग जलाने के लिए कौन-सा प्रयोग किया?

.....

.....

ङ. आग के कोई दो उपयोग लिखिए।

.....

.....

2. बॉक्स से सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– (Choose the correct word from the box and fill in the blanks)

निर्णय लेना
Decision Making

मांस, दियासलाई, रोशनी, आदिमानव, चिंगारी

क. आग जलाई जाए, तो अँधेरे में ..... हो जाती है।

ख. लाखों वर्ष पहले के मनुष्य को ..... कहा जाता है।

ग. आदिमानव के हाथ से अचानक ..... का एक टुकड़ा आग में गिर गया।

घ. पत्थरों की रगड़ के कारण उनमें से ..... निकलने लगीं।

ङ. सन 1805 में ..... का आविष्कार हुआ।

3. वाक्यों के सामने (✓) या (✗) का निशान लगाइए– (Put a (✓) or (✗) against the given sentences)

क. आदिमानव के पास भोजन पकाने का कोई उपाय नहीं था.

ख. आदिमानव पक्के मकानों में रहते थे।

ग. आग देखकर आदिमानव डर गया।

घ. किसी भी पत्थर से आग उत्पन्न की जा सकती है।

ङ. माचिस के आविष्कार से आग जलाना कठिन हो गया।

भाषा कौशल
Language Skill

व्याकरण-ज्ञान Knowledge of grammar—

1. वे शब्दांश, जो किसी मूल शब्द के बाद लगकर उसका अर्थ बदल देते हैं, प्रत्यय कहलाते हैं।

दिए गए प्रत्ययों से नये शब्द बनाइए– (Make new words using the given suffixes)

क. सभ्य + ता = ...सभ्यता.....

ख. गरम + ई = ...गरमी.....

ग. मनुष्य + ता = ...

घ. सुख + ई = ...

ङ. मानव + ता = ...

च. खुश + ई = ...

छ. सरल + ता = ...

ज. रोशन + ई = ...

2. दिए गए अशुद्ध शब्दों को शुद्ध करके लिखिए– (Correct the incorrect word and write them)

क. सवादिश्ट – .....स्वादिष्ट.....

ख. स्मसया – .....

ग. पतथर – .....

घ. उतपन्न – .....

ङ. सभय्ता – .....

च. प्रसनन – .....

छ. मनूषय – .....

ज. दीयासलाइ – .....

3. 'का', 'के', 'की', 'को' के प्रयोग से वाक्य पूरा कीजिए (Complete the sentences using का/के/की/को)

क. हम स्वादिष्ट पकवानों ..... आनंद ले पाते हैं।

ख. दोनों पत्थरों ..... टकराने से उनमें से एक चिंगारी निकली।

ग. उसने दोबारा एक पत्थर पर दूसरे पत्थर ..... पटका।

घ. किसी भी पत्थर से आग उत्पन्न ..... जा सकती है।

4. पढ़िए, समझिए और लिखिए– (Read, understand and write)

क.	जल –	.....जलना.....	.....जलाना.....
ख.	पक –	.....	.....
ग.	लग –	.....	.....
घ.	बढ़ –	.....	.....

पाठ सारांश–

प्रस्तुत पाठ में आग की खोज के बारे में बताया गया है। सभ्यता के आरंभ में मनुष्य जंगलों और गुफाओं में रहता था। उसे भोजन पकाने की कला का ज्ञान नहीं था। इसलिए वह अपना भोजन कच्चा ही खाता था। एक दिन अचानक एक पत्थर से दूसरे पत्थर को तोड़ते हुए आदिमानव ने देखा कि दोनों पत्थरों के टकराने से एक चिंगारी निकली। जब वह चिंगारी सूखी घास पर गिरी, तो घास जलने लगी। यह देखकर आदिमानव हैरान रह गया। अब वह यह तो जान गया कि दो पत्थरों के टकराने से प्रकाश उत्पन्न होता है, लेकिन अभी भी वह कच्चा मांस ही खाता था। एक दिन जब मांस का एक टुकड़ा आग में गिर गया और आदिमानव ने उसको खाया, तो उसे बहुत अच्छा लगा। आग को जलाने की कला सीखने के लिए उसने कई तरह के प्रयोग किए। समय बीतने के साथ मनुष्य ने आग जलाने के सरल उपायों को खोज निकाला। इसी के परिणामस्वरूप सन 1805 में माचिस का और आगे चलकर लाइटर का आविष्कार हुआ।



Lesson Summary

The present lesson is based on the discovery of fire. From the dawn of civilization man lived in forests and caves. But he had not learnt the skill of cooking food and therefore survived on raw food.

One day while breaking stones he saw a spark caused by friction. The early man found that when this spark fell on dry grass it turned into a flame and then fire. The early man was very surprised and learnt that fire can be caused by friction between stones. One day, accidentally a piece of raw flesh fell on the fire and they realised that charred meat tasted much better than raw meat. He made several experiments and discovered simpler and easier ways to make fire.

This paved the way in 1805 for the invention of matchbox and later lighter.